i-NEXT PAGE 4

अब और नहीं बढ़ेगी आवेदन की डेट

यूपी बोर्ड, सीबीएसई, आईएससी का परिणाम आने के बाद स्पष्ट की स्थिति

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (28 July): लखनऊ यूनिवर्सिटी में यूजी कोर्सेज में एडमिशन के लिए आवेदन प्रक्रिया चल रही है. अब स्टूडेंट्स के पास सिर्फ दो दिनों का मौका है. यूनिवर्सिटी की ओर से आवेदन की तारीख नहीं बढ़ाई जायेगी. इस संबंध में गुरुवार को यूनिवर्सिटी के अधिकारियों ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा हमें अभी तक यूपी बोर्ड, सीबीएसई, आईसीएससीई के परिणाम का इंतजार था. अब सभी परिणाम आ चुके हैं. अंत में आईएससी 12वीं का परिणाम भी आ गया है उसके बाद भी एक सप्ताह आवेदन का मौका दिया जा चुका है, इसलिए अब डेट नहीं बढ़ाई जायेगी. बता दें कि यूनिवर्सिटी की ओर से अभी तक चार बार आवेदन की डेट पहले ही बढ़ाई जा चुकी है. जो छात्र आवेदन से वंचित हैं उनके पास 30 जुलाई तक मौका है. उसके बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा. बता दें इस बार भी हाई मेरिट वालों को ही यूनिवर्सिटी में एडमिशन मिल सकेगा, क्योंकि अभी आवेदन की संख्या काफी ज्यादा है.

तीन साल पुराने सर्टिफिकेट

एलयू के एडमिशन प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि कैटेगरी व ईडब्ल्यूएस का लाभ लेने के लिए कैंडीडेट्स को तीन साल पुराना सर्टिफिकेट अपलोड करना होगा.

ओरिजनल सर्टिफिकेट लाएं

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, आर्मी और स्पोर्ट्स कैटेगरी के सर्टिफिकेट का लाभ जिन कैंडीडेट्स को लेना है. उनके लिए एलयू ने दिशा निर्देश जारी कर दिया है. यूनिवर्सिटी प्रशासन का कहना है कि इन सभी कैटेगरीज के कैंडीडेट्स को अपने ओरिजनल सर्टिफिकेट के साथ एग्जाम सेंटर पर पहुंचना होगा. इस बार एग्जाम सेंटर में उनके रूम में ही यूनिवर्सिटी की तरफ से जिम्मेदारों को भेजा जाएगा, जो वहीं उनके सर्टिफिकेट चेक कर लेंगे. अभी तक इन सभी कैटेगरी के सर्टिफिकेट एग्जाम होने के बाद सेंटर पर चेक किए जाते थे. ऐसे में, कई बार कैंडीडेट्स जानकारी के अभाव में बिना सर्टिफिकेट चेक कराए ही वापस चले जाते थे. जब काउंसलिंग के समय इसकी जानकारी होती थी तब तक काफी देर हो चुकी होती थी.

HINDUSTAN PAGE 6

नैक ए डबल प्लस पर कुलपति सम्मानित

सम्मान

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। कैलाश महिला छात्रावास की छात्राओं ने कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय को छात्रावास में विश्वविद्यालय को नैक का ए डबल प्लस ग्रेड मिलने पर सम्मानित किया।

इस अवसर पर डीन छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन, चीफ प्रोवोस्ट प्रोफेसर नलिनी पांडे, कैलाश छात्रावास की प्रोवोस्ट प्रोफेसर मानुका खन्ना, केया पांडे, डॉ. भुवनेश्वरी भारद्वाज, डॉ. ओ पी शुक्ला, डॉ. महेंद्र कुमार और डॉ. अर्चना सिंह आदि उपस्थित रहे।

उधर, लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों की साहित्यिक पहल काव्योम परिवार ने कुलपति से मिलकर उन्हें बधाई दी। इसके साथ ही काव्योम ने निदेशक सांस्कृतिकी प्रो. राकेश चंद्रा जी एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण विभाग प्रो. पूनम टंडन जी से मिलकर उन्हें भी शुभकामनाएं दी। बता दें कि इस साल नैक मूल्यांकन में विश्वविद्यालय को डबल ए प्लस का ग्रेड दिया गया है।

लखनऊ विश्वविद्यालय में गुरुवार को नैक में ए डबल प्लस ग्रेड के लिए कुलपति को विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं अन्य सदस्यों ने बधाई दी।

लविवि की सेमेस्टर परीक्षाएं आज से

लखनऊ। लखनऊ विवि की सेमेस्टर परीक्षाएं शुक्रवार से प्रारंभ हो रही हैं। बीएससी छठे, बीए छठे सेमेस्टर स्टेटिस्टिक्स, गणित व एप्लीपोलोजी को छोड़कर, एमकॉम अप्लाइड इकोनामिक्स, बीएससी, बीपीएड की परीक्षाएं शुक्रवार से शुरू होंगी।

लविवि ने स्नातक स्तर की परीक्षा के लिए 48 और एमकॉम की परीक्षा के लिए 11 केंद्र बनाए हैं। इसके अलावा 30 जुलाई से बीकॉम छठे सेमेस्टर, एमकॉम कॉमर्स चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा शुरू होगी। वहीं, बीएजेएससी छठे सेमेस्टर, बीपीएड चौथे सेमेस्टर की परीक्षा एक अगस्त और एमपीएड चौथे सेमेस्टर की परीक्षा दो अगस्त से शुरू होगी।

वहीं, यूपी बोर्ड समेत सीबीएसई और आईएससी बोर्ड ने भी इंटर परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। लखनऊ विवि के स्नातक पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए आवेदन की प्रक्रिया चल रही है। इंटर पास छात्र 30 जुलाई तक अपने अंक फॉर्म में अपलोड कर सकते हैं। आवेदन में समस्या है तो लखनऊ विवि के हेल्पलाइन नंबर 0522-4150500 पर सुबह 10 से शाम छह बजे तक मदद ले सकते हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

सीएम ने कुलपति को दी बधाई

सहयोग व शुभकामनाओं के लिए कुलपति ने जताया आभार

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विवि को नैक ए प्लस प्लस ग्रेड मिलने पर कुलपति को बधाइयां व सम्मानित करने का क्रम बृहस्पतिवार को भी जारी रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने आवास पर प्रो. आलोक कुमार से मुलाकात इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। कुलपति ने भी सरकार के सहयोग व उनकी शुभकामनाओं के लिए आभार जताया।

उधर, लविवि के कैलाश छात्रावास की छात्राओं ने कुलपति को सम्मानित किया। बीते दिनों छात्राओं ने नैक टीम को दोपहर के भोजन के लिए आमंत्रित किया था। अपने हाथ से पकाया भोजन कराया था। इस अवसर पर कुलपति ने वहां के कर्मचारियों को सम्मानित किया और शुभकामनाएं दीं। इस दौरान डीएसडब्ल्यू प्रो. पूनम टंडन, चीफ प्रोवोस्ट प्रो. नलिनी पांडे, प्रोवोस्ट प्रो. मानुका खन्ना, डॉ. केया पांडे, डॉ. भुवनेश्वरी भारद्वाज समेत कई शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। इसके अलावा लविवि के छात्रों की साहित्यिक पहल काव्योम परिवार ने कुलपति से मिलकर उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दीं। सांस्कृतिकी के निदेशक प्रो. राकेश चंद्रा मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एलयू के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय को दी बधाई। -संवाद

कैलाश महिला छात्रावास की छात्राओं ने लखनऊ विवि के कुलपति को किया सम्मानित। -संवाद

THE PIONEER PAGE 3

Want to take university to global standards: Prof Rai

SHARMILA KRISHNA
LUCKNOW

Lucknow University Vice-Chancellor Prof AK Rai said they have a roadmap after achieving the NAAC A++ grade and they want to take the university to international standards.

"We would like to strengthen our position globally. The thrust will be on various categories — small term, medium term and long term. We are requesting the authorities for the restructuring of the Lucknow University Act dealing in certain aspects because that restricts us. For example, we cannot have a foreign faculty and our advertisements have to be from Indian citizens. But if we have to compete globally, we need to have people from outside and hence both procedural issues have to be addressed on a long-term basis," he said.

Prof Rai said that regarding the medium term plans, there has to be complete intimation to affiliated colleges and the transfer of benefits of the New Education Policy.

"Similar is the case of our ranking internationally which we need to improve but that will take us time because of all our collaborative activities. This will be a medium-term plan," he said.

He added that Lucknow University has started several initiatives like the implementation of the New Education Policy, benefits of which have to reach the students.

"The integration of the four district colleges is yet another initiative while setting up the Faculty of Agriculture since we now have a College of Agriculture will also be carried out," he said.

Regarding how the Lucknow University was able to get the desired NAAC ranking, he said, "It was a focused approach with complete cooperation from majority of the stakeholders."

"The immediate advantages that we have received after getting the ranking include a placement offer from a well-known company. We got the ranking on Tuesday and the very next day, we got a call from Amazon. Till now, we were going after companies but now they are reaching out to us. This comes as an immediate benefit and in the medium term, we are planning to have an open distance learning programme. This is one thing which we are going to start right which was otherwise not possible," he added.

Commenting on strengthening research, he said that they plan to strengthen the research infrastructure.

"We have been able to establish two interdisciplinary research centres in the last two years like the Institute of Advanced Molecular Genetics. My aim is to help research transcend beyond science like commerce, law, arts, social science etc," he said

On whether he would ask for additional grants for the university from the state government, he said the sustainability of an institute does not depend on grants and it would not take the institute anywhere. "Self-dependence is the solution. The university has taken several measures to strengthen its finances and explore its resources. For example, centralised admissions is one and increasing numbers of foreign students is a good source of revenue. We have reinitiated several programmes which gave us good returns and with the NAAC grade improving, the number of students will increase and so will the intake of students.

Meanwhile, members of the Meritorious Students' Council met Prof Rai to congratulate him on achieving the NAAC A++ grade.

DSW Prof Poonam Tandon and Dean (Faculty of Arts) Prof Prem Suman were also present during the interaction. The council expressed joy and vowed to keep working towards the betterment of the university and students.

छात्राओं ने वीसी को किया सम्मानित

PIC: DAINIK JAGRAN-I NEXT

वीसी से मिलीं कैलाश हॉस्टल की छात्राएं.

LUCKNOW (28 July,inext): कैलाश महिला हॉस्टल की छात्राओं ने वीसी प्रोफेसर आलोक कुमार राय को यूनिवर्सिटी को नैक का ए प्लस प्लस ग्रेड मिलने पर सम्मानित किया. इस अवसर पर डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. पूनम टंडन, चीफ प्रोवोस्ट प्रोफेसर नलिनी पांडेय, कैलाश छात्रावास की प्रोवोस्ट प्रोफेसर मानुका खन्ना, केया पांडेय, डॉ. भुवनेश्वरी भारद्वाज, डॉ. ओपी शुक्ला, डॉ. महेंद्र कुमार और डॉ. अर्चना सिंह आदि उपस्थित रहे. उधर, लखनऊ यूनिवर्सिटी के छात्रों की साहित्यिक पहल काव्योम परिवार ने वीसी से मिलकर उन्हें बधाई दी.

एलयू में 30 जुलाई तक भरें प्रवेश फॉर्म

लखनऊ। यूपी बोर्ड, सीबीएसई एवं आईसीएससी बोर्ड की इण्टर की परीक्षाओं के परिणाम घोषित होने के बाद लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक में ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 जुलाई निर्धारित कर दी है। आवेदन पत्र विद्यार्थी अपनी लॉगिन आईडी से भर सकेंगे। अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नम्बर 0522-4150500 पर पूर्वाह्न 10 से सायं 6 तक संपर्क किया जा सकता है।

PIONEER PAGE 3

एलयू में दाखिले के लिए 30 तक आखिरी मौका

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सीबीएसई और आईएससी बोर्ड के परिणाम आने के बाद अब लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक कोर्सों में दाखिले के लिए छात्रों के पास केवल 30 जुलाई तक का मौका है। 30 जुलाई तक छात्र ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

गुरुवार को यूनिवर्सिटी के अधिकारियों ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा हमें अभी तक यूपी बोर्ड, सीबीएसई, आईसीएससीई के परिणाम का इंतजार था। ऐसे में अब सभी परिणाम आ चुके हैं। अंत में आईएससी 12वीं का परिणाम भी आ गया है उसके बाद भी एक सप्ताह आवेदन का मौका दिया जा चुका है, इसलिए अब डेट नहीं बढ़ाई जायेगी। बता दें यूनिवर्सिटी की ओर से अभी तक चार बार आवेदन की डेट पहले ही बढ़ाई जा चुकी है। अधिकारियों ने बताया कि जो छात्र आवेदन से वंचित हैं उनके पास 30 जुलाई तक मौका है। उसके बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। बता दें इस बार भी हाई मेरिट वालों को ही यूनिवर्सिटी में एडमिशन मिल सकेगा, क्योंकि अभी आवेदन की संख्या काफी ज्यादा है।

सिर्फ तीन साल पुराने सर्टिफिकेट ही होंगे मान्य

एलयू के एडमिशन प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि कैटेगरी व ईडब्ल्यूएस का लाभ लेने के लिए कैंडीडेंट्स को तीन साल पुराना सर्टिफिकेट अपलोड करना होगा। यह सर्टिफिकेट यूजी आवेदन की प्रक्रिया शुरू होने की डेट से आवेदन समाप्त होने के बीच ही होनी चाहिए तभी उनको इसका लाभ मिल सकेंगा। एलयू प्रशासन का कहना है कि स्टूडेंट्स रजिस्ट्रेशन के समय दस जो दस जानकारियां मांगी गई थी। उनको छोड़कर आगे के सभी फॉर्म में खुद ही रि-एडिट कर सकते है। साथ ही सभी स्टूडेंट्स अपने-अपने 12वीं के नंबर भी अपलोड कर सकते है।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, आर्मी और स्पोर्ट्स कैटेगरी के सर्टिफिकेट एग्जाम रूम में होंगे

इसके अलावा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, आर्मी और स्पोर्ट्स कैटेगरी के सर्टिफिकेट का लाभ जिन कैंडीडेंट्स को लेना है। उनके लिए एलयू ने दिशा निर्देश जारी कर दिया है। यूनिवर्सिटी प्रशासन का कहना है कि इन सभी कैटेगरी के कैंडीडेंट्स को अपने ओरिजनल सर्टिफिकेट के साथ एग्जाम सेंटर पर पहुंचना होगा। इस बार एग्जाम सेंटर में उनके रूम में ही यूनिवर्सिटी की तरफ से जि मेदारों को भेजा जाएगा। जो वहीं पर उनके सर्टिफिकेट चेक कर लेंगे।

JAGRAN CITY PAGE I

लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक पाठ्यक्रमों में आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को दिया मौका, नोटिफिकेशन किया गया जारी

30 तक अपलोड करने होंगे इंटर के अंक

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) के स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को 30 जुलाई तक अनिवार्य रूप से इंटरमीडिएट के अंक अपलोड करने होंगे। इसके लिए सभी के पास लागिन आइडी व पासवर्ड पहले से ही उपलब्ध है। गुरुवार को विश्वविद्यालय ने वेबसाइट पर इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया।

लवि में स्नातक, परास्नातक, पीजी डिप्लोमा सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों में आनलाइन आवेदन के लिए अंतिम तिथि 30 जुलाई है। सीबीएसई व आइएससी 12वीं के परिणाम न आने की वजह से कई बार तिथि बढ़ाई जा चुकी है। अब परिणाम जारी हो गए हैं। जिन अभ्यर्थियों ने स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन किया है और अभी तक आनलाइन आवेदन फार्म में इंटर के अंक नहीं भरे हैं। ऐसे अभ्यर्थियों को 30 जुलाई तक समय दिया गया है। जिन अभ्यर्थियों ने अब तक आवेदन नहीं किया है, वह कर सकते हैं। किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर अभ्यर्थी हेल्पलाइन नंबर 0522-4150500 पर सुबह 10 बजेसे शाम छह बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

जल्द जारी होगा प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम: सभी बोर्ड के परिणाम जारी होने के बाद अब लवि की स्नातक आवेदन की प्रक्रिया में तेजी आ गई है। यहां स्नातक व स्नातक प्रोफेशनल को मिलाकर 4415 सीटे हैं। इकोनामिक वीकर सेक्शन (ईडब्ल्यूएस) कोटे के अंतर्गत भी 10 फीसद (442) सीटें अतिरिक्त होंगी। प्रवेश सेल के मुताबिक स्नातक प्रवेश परीक्षाओं के लिए तैयारी चल रही है। जल्द ही इसका शेड्यूल जारी किया जाएगा।

लखनऊ विश्वविद्यालय को नैक का ए प्लस प्लस ग्रेड मिलने की खुशी में गुरुवार को कैलाश छात्रावास की छात्राओं ने कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय को सम्मानित किया • सौजन्य से लवि

छात्राओं ने किया कुलपति को सम्मानित

लखनऊ विश्वविद्यालय को नैक में ए प्लस प्लस ग्रेड मिलने की खुशी में गुरुवार को कैलाश महिला छात्रावास की छात्राओं ने कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय को छात्रावास में सम्मानित किया। इस अवसर पर डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रोफेसर पूनम टंडन, चीफ प्रोवोस्ट प्रोफेसर नलिनी पांडे, कैलाश छात्रावास की प्रोवोस्ट प्रोफेसर मानुका खन्ना के साथ डा. केया पांडे, डा. भुवनेश्वरी भारद्वाज, डा. ओपी शुक्ला, डा. महेंद्र कुमार और डा. अर्चना सिंह के साथ छात्राएं उपस्थित रहीं। गौरतलब है कि बीते दिनों मूल्यांकन के दौरान नैक की पियर टीम ने कैलाश छात्रावास का निरीक्षण किया था। यहां की छात्राओं ने उन्हें विभिन्न तरह का भोजन भी कराया था, जिस वह टीम काफी खुश थी।

स्नातक की सेमेस्टर परीक्षाएं आज से

- स्नातक चौथे, छठे सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए 47 केंद्र, एमकाम के लिए बने 11 केंद्र

लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालयों में शुक्रवार से स्नातक व परास्नातक सम सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी। स्नातक चौथे व छठे सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए 47 और एमकाम एप्लाइड इकोनामिक्स की परीक्षा के लिए 11 केंद्र बनाए गए हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन का दावा है कि परीक्षाओं की तैयारी पूरी कर ली गई है।

लवि में स्नातक चौथे सेमेस्टर में 22,323 और छठे सेमेस्टर में 27,818 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। 29 जुलाई से बीए, बीएससी छठे सेमेस्टर और एप्लाइड इकोनामिक्स चौथे सेमेस्टर की परीक्षा होगी। वहीं 30 जुलाई से बीकाम छठे सेमेस्टर की शुरुआत हो जाएगी। एमकाम में 1148 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

एक घंटे पहले मिलेगा परीक्षार्थियों को प्रवेश: स्नातक दूसरे व चौथे सेमेस्टर में परीक्षार्थियों को परीक्षा से एक घंटे पहले प्रवेश दिया जाएगा। परीक्षार्थियों को गेट नंबर एक, दो, चार व पांच से प्रवेश पत्र देखकर अंदर जाने की अनुमति मिलेगी। किसी भी विद्यार्थी अपने साथ मोबाइल फोन, बैग व अन्य पाठ्य सामग्री लाने की अनुमति नहीं रहेगी। अभिभावकों को भी परिसर के बाहर रहने के लिए कहा गया है।

परीक्षा में आज

- बीए छठा सेमेस्टर : फ्रेंच फंक्शनल संस्कृत, उर्दू, संस्कृत पेपर 1 : सुबह 9 से 10.30 बजे
- बीएससी चौथा सेमेस्टर : जियोलाजी पेपर 1 : सुबह 9 से 10.30 बजे
- एमकाम एप्लाइड इकोनामिक्स : रिसर्च मेथोडोलाजी, परीक्षा का समय दोपहर दो से शाम पांच बजे

TOI PAGE 3

LU's UG, PG exams to begin today

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: Lucknow University's undergraduate and postgraduate examinations for some of the courses will be held at around 60 centres from Friday.

At the UG level, BA and BSc (VI semester) examinations and in PG, MCom (applied economics) papers will be conducted. At least 47 centres have been

60 CENTRES

set up for UG examinations while PG tests will be held at 11 centres.

Meanwhile, examinations of BA in journalism and mass communication, BPEd (semester 4) and master in physical education (final semester) will be held at a single centre from August 1.

BCom and MCom examinations will begin from Saturday. "The examination will be of 90 minutes. No student will be allowed entry to the examination room without admit card. All admit cards are available online," said LU spokesperson Durgesh Srivastava.

AMRIT VICHAR PAGE 4

तैयारी | यूपी बोर्ड, सीबीएसई, आईसीएससी का परिणाम आने के बाद विश्वविद्यालय ने स्पष्ट की स्थिति, स्नातक में प्रवेश के लिए आवेदन करने का अब अंतिम मौका

लखनऊ विश्वविद्यालय में अब नहीं बढ़ेगी प्रवेश की तिथि

अमृत विचार संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया चल रही है। लेकिन अब छात्रों के पास सिर्फ दो दिनों का ही मौका है। विश्वविद्यालय की ओर से आवेदन की तारीख नहीं बढ़ाई जायेगी। इस संबंध में गुरुवार को विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि हमें अभी तक यूपी बोर्ड, सीबीएसई, आईसीएससीई के परिणाम का इंतजार था। ऐसे में अब सभी परिणाम आ चुके हैं। अंत में आईएससी 12वीं का परिणाम भी आ गया है, उसके बाद भी एक सप्ताह तक आवेदन का मौका दिया जा चुका है। इसलिए अब तिथि नहीं बढ़ाई जायेगी।

बता दें कि विश्वविद्यालय की ओर से अभी तक चार बार आवेदन की तिथि बढ़ाई जा चुकी है। अधिकारियों ने कहा कि जो छात्र आवेदन से वंचित हैं उनके पास 30 जुलाई तक मौका है। उसके बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। इस बार भी हाई मेरिट वालों को ही विश्वविद्यालय में प्रवेश मिल सकेगा, क्योंकि अभी आवेदनों की संख्या काफी ज्यादा है।

इंजीनियरिंग संकाय के दो छात्रों का हुआ कैम्पस प्लेसमेन्ट

लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के बीटेक के दो छात्रों का प्लेसमेंट फेडरल बैंक में हुआ। बीटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्र धीरज सिंह और बीटेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की छात्रा मानसी गुप्ता कंपनी द्वारा आयोजित ऑनलाइन असेसमेंट, ग्रुप डिस्कशन, रोबोटिक इंटरव्यू और पर्सनल इंटरव्यू को पास कर एसोसिएट इन नॉन ऑफिसर के पद पर चयनित हुए। इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि कंपनी ने छात्रों को अधिकतम 5.54 लाख रुपये प्रतिवर्ष का पैकज ऑफर किया गया है।

विश्वविद्यालय में परीक्षाएं आज से

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में शुक्रवार से शुरू हो रहीं बीए, बीएससी, बीएससी, बीकॉम, बीपीएड एवं अन्य कक्षाओं की सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रॉक्टर राकेश द्विवेदी ने बताया कि प्रथम पाली की परीक्षा सुबह आठ बजे से और द्वितीय पाली की परीक्षाएं दिन में एक बजे से शुरू होंगी। परीक्षार्थियों का प्रवेश पत्र देखकर ही उन्हें भीतर जाने दिया जाएगा। गेट नम्बर-1,2,4,5 से परीक्षार्थी अंदर आ सकेंगे। परीक्षार्थियों को कोविड-19 के प्रोटोकाल का पालन करना होगा। परीक्षार्थी अपने साथ पाठ्य सामग्री, मोबाइल फोन आदि नहीं ला सकेंगे।

नैक से ए डबल प्लस ग्रेड मिलने पर दी बधाई

अमृत विचार, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कैलाश महिला छात्रावास की छात्राओं ने कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय को छात्रावास में नैक से ए डबल प्लस ग्रेड मिलने की खुशी में बधाई दी है। गत 21 जुलाई 2022 को नैक टीम के निरीक्षण के समय कैलाश छात्रावास की छात्राओं ने टीम के सदस्यों को आमंत्रित कर दोपहर का भोजन कराया था। इस अवसर पर डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रोफेसर पूनम टंडन, चीफ प्रोवोस्ट प्रोफेसर नलिनी पांडे, कैलाश छात्रावास की प्रोवोस्ट प्रोफेसर मानुका खन्ना के साथ डॉक्टर केया पांडे, डॉक्टर भुवनेश्वरी भारद्वाज, डॉक्टर ओ पी शुक्ला, डॉक्टर महेंद्र कुमार और डॉ अर्चना सिंह आदि उपस्थित थे।

नैक से ए डबल प्लस ग्रेड मिलने पर कुलपति आलोक कुमार राय को बधाई देतीं छात्राएं।

लविवि में सिर्फ तीन साल पुराने सर्टिफिकेट होंगे मान्य

अमृत विचार संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि कैटेगरी व ईडब्ल्यूएस का लाभ लेने के लिए छात्रों को तीन साल पुराना सर्टिफिकेट अपलोड करना होगा। यह सर्टिफिकेट स्नातक आवेदन की प्रक्रिया शुरू होने की तिथि से आवेदन समाप्त होने के बीच ही होनी चाहिए। तभी उनको इसका लाभ मिल सकेगा। लविवि प्रशासन का कहना है कि छात्र रजिस्ट्रेशन के समय जो 10 जानकारियां मांगी गई थीं। उनको छोड़कर आगे के सभी फॉर्म में खुद ही रि-एडिट कर सकते है। साथ ही सभी छात्र अपने-अपने 12वीं के नंबर भी अपलोड कर सकते है।

इसके अलावा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, आर्मी और स्पोर्ट्स कैटेगरी के सर्टिफिकेट का लाभ जिन छात्रों को लेना है। उनके लिए भी लविवि ने दिशा निर्देश जारी कर दिये हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि इन सभी कैटेगरी के छात्रों को अपने ओरिजनल सर्टिफिकेट के साथ एग्जाम सेंटर पर पहुंचना होगा।

इस बार एग्जाम सेंटर में उनके रूम में ही यूनिवर्सिटी की तरफ से जिम्मेदारों को भेजा जाएगा। जो वहीं पर उनके डाक्यूमेंट देख सकेंगे। अभी तक इन सभी कैटेगरी के सर्टिफिकेट एग्जाम होने के बाद सेंटर पर चेक किए जाते थे। ऐसे में कई बार कैंडीडेट्स जानकारी के अभाव में बिना सर्टिफिकेट चेक कराएं ही वापस चले जाते थे। जब काउंसलिंग के समय इसकी जानकारी होती थी, तब तक काफी देर हो चुकी होती थी।

SWATANTRA BHARAT PAGE 3

कैलाश छात्रावास की छात्राओं ने लविवि कुलपति को किया सम्मानित

लखनऊ। लविवि को नैक से ए प्लस प्लस ग्रेड मिलने के बाद विश्वविद्यालय के कुलपति आलोक राय को बधाई मिलने का सिलसिला लगातार जारी है। गुरूवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के नैक द्वारा ए प्लस प्लस ग्रेड मिलने की खुशी में कैलाश महिला छात्रावास की छात्राओं ने कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय को छात्रावास में सम्मानित किया। बता दें कि पिछले दिनों 21 जुलाई 2022 को नैक पियर टीम के निरीक्षण के समय कैलाश छात्रावास की छात्राओं ने टीम के सदस्यों को आमंत्रित कर दोपहर का भोजन कराया था।छात्राओं द्वारा सम्मानित होने के बाद कुलपति ने भी वहां के कर्मचारियों को सम्मानित किया और छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रोफेसर पूनम टंडन, चीफ प्रोवोस्ट प्रोफेसर नलिनी पांडे, कैलाश छात्रावास की प्रोवोस्ट प्रोफेसर मानुका खन्ना के साथ डॉक्टर केया पांडे, डॉक्टर भुवनेश्वरी भारद्वाज, डॉक्टर ओ पी शुक्ला, डॉक्टर महेंद्र कुमार और डॉ अर्चना सिंह आदि उपस्थित थे।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

लविवि : आज से शुरू होंगी सेमेस्टर परीक्षाएं

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय में बीए, बीएससी, बीएससी, बीकॉम, बीपीएड एवं अन्य कक्षाओं की सेमेस्टर परीक्षाएं शुक्रवार से शुरू हो रही हैं, इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। विवि के प्रॉक्टर राकेश द्विवेदी ने बताया कि प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः आठ बजे से तथा द्वितीय पाली की परीक्षाएं दोपहर बाद एक बजे से शुरू होंगी। परीक्षार्थियों का प्रवेश पत्र देखकर ही उन्हें भीतर जाने दिया जाएगा। गेट नम्बर-1,2,4,5 से परीक्षार्थी अंदर आ सकेंगे। परीक्षार्थियों को कोविड-19 के प्रोटोकाल का पालन करना होगा तथा परीक्षार्थी अपने साथ पाठ्य सामग्री, मोबाइल फोन आदि नहीं ला सकेंगे।

विद्यार्थी परिषद ने किया पौधरोपण : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अवध प्रांत की लखनऊ महानगर कार्यकारिणी ने बृहस्पतिवार को विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के मौके पर झूलेलाल वाटिका में वृक्ष मित्र महाअभियान के तहत पौधरोपण किया। विद्यार्थी परिषद ने आठ सौ से अधिक पौधे लगाए। इस अवसर पर विद्यार्थी परिषद के महानगर सहमंत्री उत्कर्ष सिंह, महानगर महाविद्यालय कार्य संयोजक आलोक सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

30 जुलाई तक भरे जा सकेंगे आवेदन फार्म : यूपी बोर्ड, सीबीएसई एवं आईसीएससई बोर्ड की इण्टर की परीक्षाओं के परिणाम घोषित होने के बाद लविवि ने स्नातक में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 जुलाई निर्धारित की है। आवेदन पत्र विद्यार्थी अपनी लॉगिन आईडी से भर सकेंगे। अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नम्बर 0522-4150500 पर पूर्वाह्न 10 से सायं 6 तक संपर्क किया जा सकता है।

छात्राओं ने किया कुलपति का सम्मानित : लखनऊ विश्वविद्यालय के कैलाश महिला छात्रावास की छात्राओं ने विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय को विश्वविद्यालय को नैक का ए प्लस प्लस ग्रेड मिलने पर सम्मानित किया। इस अवसर पर डीन छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन, चीफ प्रोवोस्ट प्रो. नलिनी पांडे, कैलाश छात्रावास की प्रोवोस्ट प्रो. मानुका खन्ना, केया पांडे, डा. भुवनेश्वरी भारद्वाज, डा. ओ.पी. शुक्ला, डा. महेंद्र कुमार, डा. अर्चना सिंह आदि उपस्थित रहे। इसी के साथ लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों की साहित्यिक पहल काव्योम परिवार ने कुलपति से मिलकर उन्हें बधाई दी।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

छात्राओं ने कुलपति को किया सम्मानित

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कैलाश महिला छात्रावास की छात्राओं ने गुरुवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय को छात्रावास में लखनऊ विश्वविद्यालय को नैक ए++ ग्रेड मिलने पर सम्मानित किया। साथ ही कुलपति ने वहां के कर्मचारियों को सम्मानित किया और छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। पिछले दिनों 21 जुलाई को नैक पीर टीम के निरीक्षण के समय कैलाश छात्रावास की छात्राओं ने नैक पीर टीम के सदस्यों को आमंत्रित कर दोपहर का भोजन कराया था। इस अवसर पर डीन स्टूडेंट वेलफेयर (डीएसडब्ल्यू) प्रो. पूनम टंडन, चीफ प्रोवोस्ट प्रो. नलिनी पांडे, कैलाश छात्रावास की प्रोवोस्ट प्रो. मानुका खन्ना के साथ डॉ. केया पांडे, डॉ. भुवनेश्वरी भारद्वाज, डॉ. ओपी शुक्ला, डॉ. महेंद्र कुमार और डॉ अर्चना सिंह आदि उपस्थित रही।

TOI PAGE 3